हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

12 जसौरखेड़ी कॉलेज की छात्राओं ने दिखाया दम



12 बाजरा खरीद को लेकर आढ़तियों की हड़ताल जारी



खबर संक्षेप



संदिग्ध परिस्थितियों में श्रमिक की मौत

झज्जर। क्षेत्र के गांव सिलाना में संदिग्ध परिस्थितियों में एक श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिलाना गांव निवासी करीब 38 वर्षीय संजीत पुत्र भीम सिंह के तौर पर हुई है। स्थानीय नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान उपस्थित मामले के जांच अधिकारी रिंकू ने बताया कि संजीत मेहनत मजदूरी का काम करता था। वह बीती रात करीब साढ़े नौ बजे खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने के लिए निकला था। इसके बाद जब देर तक घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश की। वह गांव के बाहर एक गड्ढे.में गिरा मिला।

गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

झज्जर। क्षेत्र के गांव कासनी में ड्रेन नंबर आठ के नजदीक एक तेज रफ्तार गाड़ी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस टक्कर में आई गंभीर चोटों के कारण मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जगजीत पुत्र रामकंवार के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई गणेशचंद्र ने बताया कि उसका छोटा भाई जगजीत शहर में प्राइवेट बस चलाता था और अपनी बाइक से आवागमन करता था। गणेशचंद्र के अनुसार सोमवार की रात करीब ग्यारह बजे उसे भाई के एक्सीडेंट की सूचना मिली।

युवक को तलाशने की गुहार लगाई

बहादुरगढ़। गांव मातन का निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। काफी तलाशने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। पुलिस को दी सूचना में सुमन का कहना है कि उसका भाई करीब 40 वर्षीय आनंद गत दो जून को घर से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन कुछ सुराग नहीं लगा। उधर, मांडोठी चौकी से जांच अधिकारी वीरेंद्र कुमार का कहना है कि युवक के तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

रोहित जून और प्रतीक अत्री ने जीते स्वर्ण पदक

बहादुरगढ़। त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों रोहित सिंह व प्रतीक अत्री ने कूडो खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अंबाला में 8वीं हरियाणा स्टेट कूडो टूर्नामेंट के अंडर-15 आयुवर्ग में दोनों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। रोहित जून ने 58 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतीक अत्री ने 46 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अधिवक्ता विक्रम छिल्लर ने पदक पहनाकर दोनों का उत्साह बढ़ाया।

छात्रों को किया नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक

झज्जर। जिला पुलिस द्वारा विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे, अपराध तथा वर्तमान समय की चुनौतियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना साल्हावास पुलिस द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रबंधक साल्हावास निरीक्षक बलराज यादव ने विद्यार्थियों को डायल 112 आपातकालीन सेवा, सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

बहादुरगढ़ में बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी के साथ वारदात

अपहरण के बाद कारोबारी को बंधक बना पीटा, मांगे 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में एक बिल्डिंग मैटीरियल कारोबारी के साथ वारदात हो गई। शातिर बदमाश अपहरण कर उसे एक अज्ञात स्थान पर ले गए। वहां बंधक बनाकर हथियारों से मारपीट करते हुए 50 लाख रुपये की डिमांड की। आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। लाइनपार थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात हरी नगर के निवासी नवीन के साथ हुई है। नवीन का कहना है कि निजामपुर रोड पर परनाला फाटक के पास उसका बिल्डिंग मैटीरियल का स्टॉक है। गत 4 अक्टूबर की दोपहर को वह स्टॉक पर था। इसी दौरान छह-सात युवक आए। मारपीट की और जबरदस्ती गाड़ी में डालकर औचंदी बॉर्डर की तरफ ले गए। वहां एक ठिकाने पर मुझे बंधक बनाकर रखा और बेरहमी से मारपीट की। तेजधार हथियार और पिस्तौल के बट से वार किए गए। मुझे गंभीर चोट आई। इतना ही नहीं, मुझ से 50 लाख की रंगदारी की डिमांड की गई। जैसे तैसे मैंने उनसे अपना चंगुल छुड़वाया। आशंका है कि वे भविष्य में फिर से मेरे या मेरे परिवार के साथ इस तरह की वारदात कर सकते हैं। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और मेरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उधर, पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। वारदात करने वाले कौन थे और किस मकसद से उन्होंने यह हरकत की, इसका खुलासा आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगा। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस ने

आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

विदेशी हथियारों के साथ 3 बदमाश गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसटीएफ की बहादुरगढ़ यूनिट ने एक आपराधिक गैंग के 3 बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 3 पिस्तौल और 39 कारतूस बरामद हुए हैं। तीनों आरोपी हथियारों को अपनी गैंग के अन्य सदस्यों तक पहुंचाने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही एसटीएफ के हत्थे चढ़ गए। आरोपियों के खिलाफ संगठित अपराध, शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत सदर थाने में केस दर्ज हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित और अकुल निवासी कानोंदा तथा सन्नी निवासी खैरपुर के रूप में हुई है।

आरोपियों से 3 पिस्तौल और 39 कारतूस बरामद

गिरोह के अन्य सदस्यों को हथियार सप्लाई की फिराक में थे

नाकेबंदी की

रोहित के पास से एक पिस्तौल और 9 कारतूस, अकुल के पास से एक पिस्तौल और 20 कारतूस तथा सन्नी के पास से एक पिस्तौल व 10 कारतूस बरामद किए गए। दरअसल, इंस्पेक्टर सेठी मलिक की अगुवाई वाली एसटीएफ बहादुरगढ़ को सूचना मिली थी कि 3 बदमाश हथियार सप्लाई की फिराक में हैं और फिलहाल वे लडरावण की ओर से बहादुरगढ़ की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने कानोंदा गांव के कुलासी मोड़ पर नाकेबंदी की। नाकेबंदी के दौरान टीम ने एक गाड़ी को रुकवाया। गाड़ी में 3 आरोपी सवार थे। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी लेने पर तीनों के पास से हथियार और कारतूस बरामद हुए। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी एक गैंग से जुड़े हैं और हथियार सप्लाई करते हैं। रोहित पर पहले से ही 4 आपराधिक केस दर्ज हैं, जबकि सन्नी पर हत्या के प्रयास का एक मुकदमा है। एसटीएफ डीएसपी नरेश कुमार ने कहा कि हथियारों सहित पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ सदर थाने में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा उन्हें अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान हथियारों की सप्लाई के नेटवर्क और अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जाएगी। पुलिस को पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है।



बहादुरगढ़। हरियाणा सफाई महाकुंभ को लेकर शहर का जायजा लेती डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो : हरिभूमि

बहादुरगढ़ बनेगा हरियाणा सफाई महाकुंभ में भागीदार

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान पाने के लिए वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पर सुबह 6 से 9 बजे तक चलेगा सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

औद्योगिक शहर बहादुरगढ़ 11 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 9 बजे तक हरियाणा सफाई महाकुंभ में भागीदार बनेगा। इसके माध्यम से झज्जर जिला गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की मुहिम में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगा।

महाकुंभ की तैयारियों को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय में डीसी वर्षा खांगवाल की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में डीसी ने संबंधित विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही आयोजन स्थल का भी डीसी ने संबंधित अधिकारियों के साथ मौका मुआयना भी किया। एडीसी एवं डीएमसी जगनिवास ने बताया कि सफाई महाकुंभ बहादुरगढ़ के वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पर आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, सामाजिक संगठन तथा अन्य संस्थाएं सक्रिय रूप से भाग लेंगी। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले सफाई महाकुंभ को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाकुंभ से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं और अधिकारी स्वयं फील्ड में रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करें। इस दौरान स्वच्छता कार्य के साथ-साथ सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अधिकारी इस महाकुंभ को सफल बनाने के लिए पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर एसडीएम अभिनव सिवाच, ईओ संजय रोहिल्ला व एक्सईएन भारतभूषण आदि उपस्थित रहे।

यूएसडीटी में निवेश का झांसा देकर 33.89 लाख की साइबर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

- फेसबुक के माध्यम से महिला ने संपर्क कर स्वयं को विदेशी मुद्रा कारोबार करने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



साइबर क्राइम की एक टीम द्वारा यूएसडीटी में निवेश का झांसा देकर 33.89 लाख रुपये की साइबर ठगी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रबंधक साइबर क्राइम निरीक्षक दर्शन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी रमन कुमार निवासी गांव हरोली फतेहाबाद को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि फेसबुक के माध्यम से एक महिला ने उससे संपर्क कर स्वयं को कपड़ा एवं विनिर्माण व्यवसाय से जुड़ा होने तथा विदेशी मुद्रा कारोबार करने की बात कही। बाद में व्हाट्सएप के जरिए बातचीत कर उसे यूएसडीटी में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने का झांसा दिया गया। आरोपी द्वारा बताई गई डेक्स-ट्रेड वेबसाइट पर खाता बनवाकर शिकायतकर्ता से अलग-अलग बैंक खातों में कुल 33,89,720 रुपये जमा करवाए गए। बाद में रकम निकालने के लिए सुरक्षा सत्यापन शुल्क और कर के नाम पर अतिरिक्त राशि मांगी गई तथा शिकायतकर्ता ने जब पैसे निकलवाने चाहे तो रकम वापस नहीं की गई। शिकायत पर कार्यवाई करते हुए नियमानुसार मामला दर्ज किया गया।

फंदे पर लटका मिला युवक का शव

बहादुरगढ़। लाइनपार थाना क्षेत्र में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने देखा तो संभाला लेकिन देर हो चुकी थी। अस्पताल में ले जाया गया तो डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय हन्नी के रूप में हुई है। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों के बयान लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। किन कारणों के चलते फंदा लगाया, ये अभी स्पष्ट नहीं है। फिलहाल पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।

आंगनबाड़ी और आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन उपायुक्त और विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंगनवाड़ी और आशा वर्करों ने मंगलवार को गुरुग्राम मार्ग स्थित ग्रीन बेल्ट से लघुसचिवालय परिसर तक प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की। बाद में उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम डीसी वर्षा खांगवाल को सौंपा। आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन की प्रधान बालेश जाखड़ ने कहा कि उनकी प्रमुख मांग कच्चे कर्मचारियों को नियमित करना है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी और आशा वर्कर लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रही हैं,लेकिन इसके बावजूद उनकी मांगों पर सरकार की ओर से उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया तो वे मजबूर होकर सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन शुरू करेंगी। इसी दौरान आंगनवाड़ी और आशावर्करों ने अपनी मांगों को लेकर बादली से विधायक कुलदीप वत्स को भी मांग पत्र सौंपा। विधायक कुलदीप वत्स ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी मांगों को विधानसभा में उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए और कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाना चाहिए।

विद्यार्थियों को सौंदर्य प्रसाधनों के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक



झज्जर। राजकीय महाविद्यालय बहू में रेडक्रॉस के तत्वावधान में व्यक्तिगत स्वच्छता और सौंदर्य प्रसाधनों के दुष्प्रभाव विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगीता दलाल ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न सौंदर्य प्रसाधनों के अत्यधिक और अनुचित उपयोग से होने वाले संभावित दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सौंदर्य उत्पादों का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने तथा उनकी गुणवत्ता और उपयोग संबंधी निर्देशों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

छारा में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को गांव छारा में स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय कबलाना ने शिविर का शुभारंभ किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप और डॉ. राजेंद्र ने उनका स्वागत किया। भाजपा नेता संजय कबलाना ने ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और जागरूक नागरिक ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं। कैंप के दौरान स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। इसमें ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने और बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दीपक, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखदेव, डॉ. संदीप चौधरी, डॉ. रितेश, डॉ. ज्योति, डॉ. सुधीर आदि मौजूद रहे।

पिस्तौल निकालते वक्त गोली चलने से युवक घायल

बहादुरगढ़। गांव बुपनिया में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने से एक युवक घायल हो गया। मामले में सामने आया है कि जेब पिस्तौल निकालते वक्त गोली चली। हालांकि असल वजह जांच का विषय है। हथियार अवैध होने के चलते पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार को यह घटना हुई थी। घायल की पहचान शुभम के रूप में हुई है। शुभम दिल्ली का रहने वाला है। फिलहाल वह गुरुग्राम के एक अस्पताल में उपचाराधीन है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस को दी शिकायत में बुपनिया के निवासी साहिल का कहना है कि उसका भांजा शुभम अपने दोस्त चेतन के साथ हमारे यहां आया हुआ था। सोमवार को हम तीनों बैठकर बात कर रहे थे। इसी दौरान शुभम बोला कि मेरे पास पिस्तौल है। यह कहकर वह अपने पायजामे की जेब से पिस्तौल निकालने लगा तो ट्रिगर दब गया। जिससे गोली चली और शुभम के पांव में लग गई। आनन फानन में हमने उसको संभाला और गुरुग्राम के एक अस्पताल में भर्ती कराया। उधर, सूचना पाकर पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। जिस हथियार से गोली चली, वह अवैध बताया जा रहा है। युवक हथियार कहां से किस मकसद से लाया, आदि जांच का विषय है।

रोष ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरुद्ध धरने पर की नारेबाजी

दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे बहादुरगढ़ के नर्सिंग ऑफिसर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल में धरनारत नर्सिंग आफिसर्स। फोटो : हरिभूमि

मांगों को लेकर नर्सिंग आफिसर्स की हड़ताल लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को नर्सिंग स्टाफ ने दो घंटे तक काम बंद कर धरना प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए जोरशोर से अपनी मांग उठाई। जल्द ही मांग पूरी न होने पर एसोसिएशन के आह्वान पर आंदोलन को बड़ा रूप देने की भी चेतावनी दी। दरअसल, मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, वाशिंग अलाउंस सहित अन्य मांगों को लेकर नर्सिंग आफिसर्स हड़ताल पर हैं। मंगलवार को दो घंटे की हड़ताल के चलते अस्पताल में सेवाएं प्रभावित नजर आई। हालांकि इमरजेंसी में सेवाएं सुचारू रहीं। ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर के पास नर्सों ने धरना दिया। नर्सिंग आफिसर्स ने कहा कि हड़ताल का दूसरा दिन है लेकिन मांगों को लेकर सरकार का इस दिशा में कोई सकारात्मक रुख देखने को नहीं मिला है। सरकार को हम नर्सों की परेशानी समझनी चाहिए। नर्सिंग में 90 प्रतिशत महिला स्टाफ है। पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं संबंधित संवेदनशील क्षेत्र में काम करना इतना आसान नहीं। फिर भी निष्ठा से अपना दायित्व निभा रहे हैं। ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी से नर्सिंग स्टाफ को बाहर रखा जाए। वाशिंग अलाउंस जारी करने सहित अन्य मांग शीघ्र पूरी की जाए। फिलहाल 7 अक्टूबर तक दो घंटे की हड़ताल का यह कार्यक्रम है। इसके बाद एसोसिएशन जो फैसला लेगी, उस आधार पर आगामी कदम उठाया जाएगा।

चार मांगों पर सहमति बनने के बाद नर्सिंग ऑफिसर्स ने हड़ताल की स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



नागरिक अस्पताल परिसर में दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल को पर बैठे नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन ने सरकार के साथ बनी चार प्रमुख मांगों पर सहमति के बाद स्थगित कर दिया है। एसोसिएशन की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता गुलिया ने बताया कि एमओटीपी नर्सिंग कैडर पर लागू नहीं होगी। इसके अलावा मेवात व पलवल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों को विशेष भत्ता देने और उन्हें गृह जिलों में तबादले का विकल्प देने पर सहमति बनी है। पिछले वर्ष से लंबित यूनिफॉर्म अलाउंस भी एरियर सहित अर्जेंट बेसिस पर जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नर्सिंग अलाउंस को 7200 रुपये करने और नर्सिंग ऑफिसर्स को ग्रुप-बी में शामिल करने सहित अन्य मांगों पर विभाग के साथ जल्द बैठक होगी। उन्होंने कहा कि यदि इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो नर्सिंग कैडर दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस दौरान मंगलवार को नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन सदस्यों द्वारा दो घंटे की हड़ताल की गई। हड़ताल के दौरान नर्सिंग ऑफिसर्स अस्पताल के बाहर एकत्रित हुई तथा उन्होंने सरकार विरोधी लगाते हुए अपनी मांग पूरी करने संबंधी आवाज उठाई। इस मौक पर पूर्व प्रधान अंजू, उप प्रधान मीना, मधु, कृष्णा, सुदेश राठी, संतोष बल्हारा, प्रमिला, मोनिका, प्रियंका, मोनिका, मंजू, ममता, भावना, सुशीला, संगीता, सपना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

विश्व सेरेब्रल पॉल्सी दिवस पर किया जागरूक

बहादुरगढ़। नूना माजरा स्थित आशा किरण स्पेशल स्कूल में विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल ने बच्चों को सेरेब्रल पाल्सी के बारे में सरल एवं सहज भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेरेब्रल पाल्सी एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, जो व्यक्ति की शारीरिक गतिविधियों, मांसपेशियों के नियंत्रण, संतुलन एवं समन्वय को प्रभावित कर सकती है। उचित शिक्षा, थेरेपी, पुनर्वास, सहायक उपकरण एवं परिवार के सहयोग से सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चे अपनी क्षमताओं का बेहतर विकास कर सकते हैं।





रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style


तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।




हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।






नई नवेली का दूसरा गाना

फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ

करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला




सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवंश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी


मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद



में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।


मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत IFFSA टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

एशियन पैरा गेम्स 18 से जापान में होंगे

बहादुरगढ़ का हिमांशु स्वीमिंग पूल में दिखाएगा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी स्थित चैम्पियंस स्पोर्टस एकेडमी में स्वीमिंग पूल में अपनी तैराकी को निखार रहे जन्म से दृष्टिबाधित हिमांशु नांदल की नजरें इसी महीने जापान में होने वाले एशियन पैरा गेम्स और लॉस एंजिल्स-2028 पैरालंपिक्स पर टिकी हैं। हरियाणा ओलम्पिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने भी हिमांशु का हौसला बढ़ाते हुए उम्मीद जताई कि हिमांशु एशियन गेम्स में देश के लिए पदक जरूर जीतकर लाएगा। दरअसल, दृष्टिबाधित तैराक हिमांशु नांदल रोहतक का रहने वाला है। जन्म से दृष्टिबाधित हिमांशु ने साल 2021 में जूडो से कदम निकालकर पैरा स्विमिंग शुरू की।

पैरा स्वीमिंग की एस इलेवन कैटेगरी में उसने अपनी पहचान स्थापित की है। साल 2022 में पहली ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और नेशनल रिकॉर्ड बनाने वाले हिमांशु 2023 में चीन के हांगझोउ में हुए चौथे एशियन पैरा गेम्स में फाइनलिस्ट बने



■ 50, 100 और 400 मीटर फ्री स्टाइल के साथ 100 मीटर बैकस्ट्रॉक और 200 मीटर आईएम स्पर्धा में लेगा भाग

थे। हिमांशु ने साल 2024 में पेरिस पैरालंपिक गेम्स के लिए मिनिमम क्वालिफिकेशन स्टैंडर्ड हासिल किया और ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय ब्लाइंड तैराक बने। लेकिन हिमांशु के हौसलों की उड़ान का सिलसिला जारी रहा।

साल 2025 में सिंगापुर में हुई वर्ल्ड पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप में वे दो इवेंट्स के फाइनलिस्ट रहे। इसके बाद हैदराबाद नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप हिमांशु ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल, 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीते और नेशनल रिकॉर्ड बनाते हुए बेस्ट स्विमर का खिताब अपने नाम किया। कोच रणबीर शर्मा के सटीक मार्गदर्शन और हिमांशु के समर्पण ने हर नामुमकिन चुनौती को मुमकिन बना दिया। हिमांशु को पूरी उम्मीद है कि 18 अक्टूबर से जापान में होने वाले एशियन पैरा गेम्स में वह देश के लिए मेडल जीतेगा।

हिमांशु जापान में होने वाले एशियन गेम्स में 50, 100 और 400 मीटर फ्री स्टाईल में साथ 100 मीटर बैकस्ट्रॉक, 100 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक और 200 मीटर आईएम स्पर्धा में मेडल हासिल करने के लिए स्वीमिंग पूल में उतरेगा।

खबर संक्षेप



युवाओं को नशा मुक्त हरियाणा की दिलाई शपथ

झज्जर। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और सक्रिय भागीदारी से ही साकार होगा। युवाओं की रचनात्मक सोच को जनसेवा और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय दुजाना में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला संयोजक दिनेश शेखावत ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें नए विचारों के साथ आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और मजबूत नैतिक चरित्र अपनाने के लिए प्रेरित किया।



पेंटिंग प्रतियोगिता में दीक्षा ने पाया पहला स्थान

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में मंगलवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर ओमपति ने बताया कि विद्यार्थियों ने पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मेहंदी, कविता पाठ वाद-विवाद एवं विभिन्न कला गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता मे दीक्षा ने प्रथम, रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में सोनी पहले, कोमल दूसरे व अंजलि तीसरे स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में एकता को पहला, हिमांशी को दूसरा स्थान मिला। मेहंदी प्रतियोगिता में कनिष्ठा प्रथम, नैंसी द्वितीय व मानसी तृतीय रही। नारा लेखन में कुसुम लता ने पहला, निकिता व दीपिका द्वितीय व तृतीय रही। कविता पाठ में कुसुम लता को प्रथम, स्नेहा को द्वितीय स्थान मिला। वाद



ऑनलाइन बैंकिंग सुविधाओं की दी जानकारी

झज्जर। युवाओं में वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे भारत सरकार के यूथ कनेक्ट अभियान के तहत राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की कॉमर्स सोसायटी ने वित्तीय साक्षरता एवं बैंकिंग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें आईडीआईबी बैंक की रिलेशनशिप मैनेजर नीति टंडन ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाओं के विभिन्न पक्षों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल भुगतान माध्यमों, यूपीआई के सुरक्षित उपयोग तथा ऑनलाइन बैंकिंग की सुविधाओं के बारे में बताया तथा साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी तथा सुरक्षित बैंकिंग प्रणालियों से भी अवगत करवाया।



निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रीति ने मारी बाजी

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय दुजाना में वाणिज्य विभाग द्वारा सस्टेनेबल व्यवसाय :समय की आवश्यकता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा को दिखाया। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर सीमा रानी, डॉक्टर अनीता, डॉक्टर दीपा ने किया। प्रतियोगिता में बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने पहला, बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा जन्नत ने दूसरा और बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा राधिका तीसरे स्थान पर रही। होनहार प्रतिभागियों को प्राचार्य नसीब सिंह ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



अपने कर्मों के प्रति सजग रहें: स्वामी उमानंद

झज्जर। श्रीराम धर्मशाला में चल रही श्री विष्णु पुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु की महिमा और उनके दिव्य स्वरूप का श्रवण किया। कथा व्यास स्वामी उमानंद महाराज ने विष्णु पुराण के प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीहरि की भक्ति मनुष्य के जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि संसार में रहते हुए मनुष्य को अपने कर्मों के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अहंकार, क्रोध और नकारात्मक विचारों का त्याग कर प्रेम, विनम्रता और करुणा को अपनाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूपों एवं उनकी लीलाओं के प्रसंग सुनाए।

धरतीपुत्र बोले- खुले में रखनी पड़ती उपज और सब्जियां

किसान शेड पर कब्जा बर्दाश्त नहीं, हटाने को सौंपा ज्ञापन

बहादुरगढ़ सिविल कोर्ट में दायर केस में 26 अक्टूबर 2020 को दर्ज हो चुके हैं बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सब्जी मंडी में किसानों के लिए आरक्षित किसान शेड पर अनाधिकृत फुटकर विक्रेताओं द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे को हटवाने के लिए एक बार फिर मांग उठी है। भारतीय किसान यूनियन (अ) के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीन दलाल के नेतृत्व में किसानों ने दोबारा ज्ञापन सौंपकर शेड को अतिक्रमण मुक्त कराने और स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

बता दें कि बहादुरगढ़ सिविल कोर्ट में इस संबंध में दायर केस में 26 अक्टूबर 2020 को आए आदेश के अनुसार मार्केट कमेटी के सुपरवाइजर ने बयान दर्ज कराया था कि यह शेड केवल किसानों के लिए सुरक्षित रहेगा और किसी बाहरी या फुटकर विक्रेता



बहादुरगढ़। मंगलवार को सब्जी मंडी में शेड के नीचे एकत्र किसान।

को यहां जगह नहीं दी जाएगी। इसके बावजूद वर्तमान में असामाजिक व बाहरी फुटकर विक्रेताओं ने शेड पर दिन-रात कब्जा जमा रखा है। किसान संदीप कानोंदा, जगदीश, श्याम सुंदर, नरेश जून, लोकेश, वीरभान, श्रीपाल, दलबीर, दिनेश राठी, विनोद, हरीश, हरदीप सिंह, चांद कुलासी, राकेश आसौदा, सुभाष तहलान, रवींद्र खरहर, सत्यवान, विजय डागर, सतबीर राणा, बलबीर जाखौदा, प्रदीप अनूप, कुलदीप आदि ने बताया कि शेड में जगह न मिलने के कारण उन्हें अपनी उपज और सब्जियां खुले में रखनी पड़ती हैं। धूप व बारिश के कारण भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनके अनुसार किसान शेड के बाहर स्पष्ट चेतावनी बोर्ड लगाया जाए कि यह केवल किसानों के लिए है और अवैध कब्जे पर कानूनी कार्रवाई व जुर्माना होगा। सुबह 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक शेड पर होमगार्ड या पीसीआर की स्थायी ड्यूटी लगाई जाए। अवैध रेहड़ियों व सामान को जब्त किया जाए और बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने की एफआईआर दर्ज हो। दोबारा कब्जा पाए जाने पर स्थानीय मंडी सुपरवाइजर व संबंधित अधिकारियों की लापरवाही तय कर कार्रवाई की जाए।

गुलाब सिंह 161 किलोमीटर दौड़कर बने फर्स्ट रनरअप



बहादुरगढ़। बीआरजी के धावक गुलाब सिंह ने बाहुबली अल्ट्रा ई-4 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 161 किलोमीटर की बेहद कठिन अल्ट्रा मैराथन में ओवरऑल दूसरा स्थान प्राप्त कर बहादुरगढ़ का नाम रोशन किया। बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के संस्थापक दीपक छिल्लर ने बताया कि यह प्रतिष्ठित बहु-चरणीय अल्ट्रा मैराथन 3 और 4 अक्टूबर को आयोजित की गई। पहले चरण में 3 अक्टूबर को धावकों ने बेंगलुरु स्थित विधान सौधा से 101 किलोमीटर की चुनौती शुरू की, जिसके लिए सुबह 3 बजे से रात 8 बजे तक 17 घंटे का कटऑफ निर्धारित था। दूसरे चरण में 4 अक्टूबर को 60 किलोमीटर की चुनौती श्रवणबेलगोला में विंध्यगिरी पहाड़ी पर स्थित भगवान बाहुबली गोमतेश्वर की प्रतिमा तक 650 सीढ़ियां चढ़कर और उतरकर पूरी की गई। इस चरण के लिए सुबह साढ़े 5 बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक 10 घंटे का कटऑफ रखा गया था। गुलाब सिंह ने अपनी मजबूत इच्छाशक्ति, अनुशासन और शानदार फिटनेस के दम पर 161 किलोमीटर की इस कठिन प्रतियोगिता में ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। गुलाब सिंह ने सदैव मिशन फिट बहादुरगढ़ को नई पहचान दी है और युवाओं को फिटनेस व अनुशासन के लिए प्रेरित किया है।

> गुलाब सिंह ने सदैव मिशन फिट बहादुरगढ़ को नई पहचान दी

बादली कॉलेज में इंटर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न



बहादुरगढ़। विजेता टीम व खिलाड़ियों के साथ अतिथि व कॉलेज स्टॉफ।

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जाट कॉलेज रोहतक की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनी। यूटीडी एमडीयू रोहतक की टीम उपविजेता रही। राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अजीत गुलिया उर्फ जीते ठेकेदार, विशिष्ट अतिथि के रूप में एचओडी सीएसआर रोमेल राजैन तथा एमडीयू की सचन समिति अध्यक्ष डॉ. तेजपाल सिंह उपस्थित रहे। समारोह में अजय नांदल, श्रवण कुमार व पीयूष वत्स आदि अतिथियों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। खिलाड़ियों को निरंतर मेहनत कर उच्च स्तर पर कॉलेज व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मेजर आनंद काद्याण ने सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों व आयोजन समिति को बधाई दी। डॉ. रवि शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय भविष्य में भी खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



नप चेयरपर्सन सरोज राठी ने आंगनवाडी वर्कर्स, हेल्पर्स और आशा वर्कर्स को सम्मानित किया

बहादुरगढ़। मंगलवार को आंगन मिलन सेवा मॉड्यूल के अंतर्गत खंड बहादुरगढ़ ग्रामीण-एक के आंगनवाड़ी केंद्रों पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न जागरूकता गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंतिम दिन नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने आंगनवाडी वर्कर्स, हेल्पर्स और आशा वर्कर्स को सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ नेहा दहिया ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित गतिविधियों के दौरान लाभार्थियों से संवाद किया गया। बच्चों के उचित पोषण, वृद्धि एवं विकास तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार को लेकर भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि खंड बहादुरगढ़ ग्रामीण-एक के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में आयोजित कार्यक्रमों में कुल 8612 लाभार्थियों ने सहभागिता की। गांव लडरावन में सभी 6 आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयकिशन छिल्लर उपस्थित रहे। अध्यक्षता सरपंच मनीष कुमार ने की। सुपरवाइजर संजू व बबीता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, पवन पहलवान, अरविंद छिल्लर, कुलदीप वत्स, मनोज जांगड़ा, सुशीला, सतप्रकाशो, सुमित्रा, सुदेश, शीला व दर्शना आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद पौधरोपण किया गया।

कम समय में प्रभु की प्राप्ति और मोक्ष का मार्ग श्रीमद्भागवत : त्रिवेंद्र



झज्जर। सीताराम गेट स्थित सैनी धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को राजा परीक्षित की कथा सुनाई गई। कथा व्यास त्रिवेंद्र दास महाराज ने राजा परीक्षित और शुकदेव जी महाराज के पावन मिलन का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि राजा परीक्षित को जब तक्षक नाग के डसने से सात दिन में मृत्यु का शाप मिला तो उन्होंने राज-पाट सहित सब कुछ त्यागकर गंगा तट पर अनशन व्रत धारण कर लिया। इसी दौरान ऋषि-मुनियों के बीच अवधूत रूप में शुकदेव जी महाराज का प्राकट्य हुआ। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित और शुकदेव जी का मिलन केवल एक राजा और संत का मिलन नहीं था, बल्कि एक जिज्ञासु भक्त और आत्मज्ञानी सद्गुरु का अलौकिक समागम था। राजा परीक्षित ने शुकदेव जी से ऐसे प्रश्न किए, जिनका उद्देश्य केवल अपनी मुक्ति नहीं, बल्कि आने वाले कलियुग में संपूर्ण मानव समाज के कल्याण का मार्ग जानना था। उन्होंने कहा कि कलियुग में मनुष्य की आयु अल्प होगी और सांसारिक भागदौड़, मोह-माया व चिंताओं के कारण लोगों के पास कठिन तप, ध्यान और साधना के लिए पर्याप्त समय नहीं रहेगा। ऐसे में परीक्षित जी ने प्रश्न किया कि इस विषम परिस्थिति में सामान्य मनुष्य कम समय में प्रभु की प्राप्ति और मोक्ष का मार्ग कैसे प्राप्त कर सकता है। इन्हीं प्रश्नों के उत्तर के माध्यम से श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा का प्रवाह हुआ, जो कलिकाल में जीवों के लिए मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है।

निपुण हरियाणा के तहत 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

शिक्षण रणनीतियों तथा कक्षा-कक्ष में उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक स्तर पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से छह दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को निपुण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों, शिक्षण रणनीतियों तथा कक्षा-कक्ष में उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बता दें कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 से 12 अक्टूबर तक चलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी रतिंद्र सिंह ने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों से संवाद करते हुए प्रशिक्षण की गतिविधियों, शिक्षण पद्धतियों तथा शिक्षकों की सहभागिता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण तभी सार्थक होगा, जब इसमें सीखी गई गतिविधियों एवं रणनीतियों को शिक्षक नियमित रूप से कक्षा-कक्ष में लागू करें। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों की सीखने की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरल, रोचक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रशिक्षु अध्यापकों के साथ डीईओ व अन्य अधिकारी।

का आह्वान किया। इस मौके पर जिला निपुण समन्वयक डॉ. सुदर्शन पुनिया, बीईओ शेर सिंह, खंड निपुण समन्वयक सरिता सरोहा, प्राचार्या मंजू बाला, संपर्क फाउंडेशन से अमित, डाइट से संदीप आदि उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स सविता, नीलम, सुमन व सुरेंद्र कुमार द्वारा गतिविधि आधारित शिक्षण, बच्चों की सीखने की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण रणनीतियों तथा निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी कक्षा-कक्षीय प्रक्रियाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। डॉ. सुदर्शन पुनिया ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों को पढ़ने, समझने, लिखने तथा बुनियादी गणितीय अवधारणाओं में दक्ष बनाना निपुण हरियाणा की प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई प्रत्येक गतिविधि को कक्षा-कक्ष में बच्चों की जरूरत और स्तर के अनुसार प्रयोग करें तथा प्रत्येक बच्चे की सीखने की प्रगति पर निरंतर नजर रखें। उन्होंने कहा कि शिक्षक, मेंटर एवं अधिकारी मिलकर कार्य करें तो निपुण के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त किया जा सकता है।

सेवा सेतु कैंप में विभागों ने स्टॉल लगाकर दी योजनाओं की जानकारी



झज्जर। विभागीय स्टॉल का अवलोकन करते हुए दयाकिशन जांगड़ा। फोटो: हरिभूमि

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को सरकारी सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहज रूप से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से गांव खानपुर खुर्द में मंगलवार को सेवा सेतु कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें भाजपा नेता दयाकिशन जांगड़ा ने बतौर मुख्यातिथि कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की और उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाया। दयाकिशन जांगड़ा ने बताया कि कैंप में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए। जहां विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है।

वैश्य आर्य कन्या कॉलेज में मानवी तनु, नैना व नीरू बनीं मिस फ्रेशर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में प्रतिभा खोज कार्यक्रम हुआ। भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, अदिति व सरिता द्वितीय तथा राखी तृतीय स्थान पर रही। काव्य पाठ में एकता पहले, साक्षी दूसरे व पहल तीसरे स्थान पर रही। गीत एवं भजन गायन में प्रथम प्रियंका रही।

कोलॉज प्रतियोगिता में भूमि प्रथम, महक व तनु द्वितीय तथा शालिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए से मानवी, बीएससी से तनु, बीसीए से मिस नैना तथा बीकॉम से नीरू का मिस फ्रेशर के रूप में चयन किया गया।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि हर विद्यार्थी प्रतिभा का धनी होता है। उन्होंने नवप्रवेशित छात्राओं का अभिनंदन किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनजीत ने मंच संचालन करते हुए कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाले ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को निखारते हैं। प्राचार्या द्वारा विजेता छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. नेहा नैन, डॉ. सुजाता, डॉ. नैना, प्रवेश, कोमल, रेशु, रुचि, अनीता व चिंकी की भूमिका रही।

सूचना

मैं, संजू देवी पत्नी श्री लक्ष्मन साह निवासी 402/8, लाइनपार, शास्त्री नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र राहूल मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं राहूल से अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। राहूल अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

राव मंगलीराम पार्क में कई पोल क्षतिग्रस्त, नहीं हो रहा समाधान

टाउन पार्क : दो माह बाद भी नहीं जले नए लैंप, शौचालय पर ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के बीचों-बीच स्थित टाउन पार्क में लोगों को पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराने और पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए नगर परिषद की ओर से करीब दो माह पहले लगाए गए नए लैंप अब तक पार्क को जगमग नहीं कर पाए, जिस कारण लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा लाखों रुपये की लागत से पार्क परिसर में करीब दो दर्जन से अधिक लैंपनुमा पोल स्थापित किए हैं। जिनकी खासियत है कि इनके ऊपरी हिस्से में जहां लाइट की व्यवस्था की गई है वहीं बीच वाला हिस्सा भी तिरंगा रोशनी से जगमगाएगा। पार्क में सैर को आने वाले लोगों का कहना है कि ये पोल स्थापित किए डेढ़ माह से अधिक का समय बीत चुका है। तीन-चार दिन पहले जब लाइटें जलाई गई तो इनके ऊपरी हिस्सों में तो लैंप जले लेकिन बीच वाला हिस्सा नहीं जला। पार्क में नियमित सैर को आने वाले लोगों का कहना है कि करीब डेढ़ माह पहले लैंपनुमा पोल स्थापित कर दिए गए थे। तीन-चार दिन पहले जब इनकी लाइटें चालू की गईं तो पोल के ऊपरी हिस्से में रोशनी दिखाई दी, लेकिन बीच का हिस्सा अब भी बंद है। लोगों के अनुसार कई पोलों को आपस में जोड़ने वाले तार भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब लाइटों की व्यवस्था पूरी तरह तैयार नहीं थी तो इन्हें लगाने में इतनी जल्दबाजी क्यों की गई। इसी प्रकार छारा चुंगी स्थित राव मंगलीराम पार्क में भी नगर परिषद की ओर से लगाए गए लैंपों को लेकर स्थिति संतोषजनक नहीं है। यहां मुख्य लाइटों के पोल तो रोशनी दे रहे हैं, लेकिन करीब दो माह पहले लगाए गए छोटे लैंपनुमा पोलों में से दो दर्जन से अधिक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कई पोल अपने स्थान से हट चुके हैं, जबकि कुछ उखड़ने की कगार पर हैं। लोगों ने नगर परिषद से दोनों पार्कों की स्थिति का निरीक्षण करवाकर लाइटों, शौचालयों और क्षतिग्रस्त पोलों को जल्द ठीक करवाने की मांग की।

सिटी पल्स





झज्जर। टाउन पार्क के शौचालयों पर लगे ताले व पार्क में स्थापित किए गए बिजली पोल।

शौचालय बंद, महिलाओं को होती है ज्यादा परेशानी



रामपाल सिंह सौलंकी।

रामपाल सिंह सौलंकी ने कहा कि टाउन पार्क में बने शौचालयों की स्थिति भी बदहाल है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण पिछले करीब एक सप्ताह से शौचालय बंद पड़े हैं। कुछ दिन पहले शौचालयों के ऊपरी हिस्से में रखी पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके चलते पानी की समस्या बनी हुई है। सफाई के अभाव में शौचालयों में दुर्गंध रहती है।

नगर परिषद अधिकारी करें पार्कों का निरीक्षण



चुन्नीलाल सैनी।

चुन्नीलाल सैनी ने कहा कि पार्क में लगाए गए लैंप सौंदर्यीकरण के साथ-साथ लोगों की सुविधा के लिए लगाए गए हैं, लेकिन लंबे समय से अधूरे पड़े रहने से इनका उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा। नगर परिषद अधिकारियों को मौके का निरीक्षण कर खामियों को दूर करना चाहिए। यहां शौचालय पर भी ताले लगा दिए गए हैं जिस कारण महिलाओं और बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है।

जल्द दुरुस्त की जाए व्यवस्था



जलकरण कड़ौधा।

जलकरण कड़ौधा ने कहा कि पार्क शहर के बीचों-बीच होने के कारण यहां सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग सैर करने आते हैं। लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी यदि लाइटें पूरी तरह चालू नहीं हैं और शौचालय भी बंद पड़े हैं। यह नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल है। पार्क की व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त किया जाना चाहिए।




याद बहुत आते हैं वो दिन...

लालटेन की रोशनी में बीतती थी शाम, लेकिन जगमगाते थे रिश्ते

बुजुर्गों की जुबानी दीये से चकाचौंध लाइटों तक का सफर

आजकल घरों में इन्वर्टर और मोबाइल व एलईडी लाइटों की चकाचौंध है, लेकिन एक दौर ऐसा भी था जब गांवों में शाम ढलते ही लालटेन और कैरोसिन से जलने वाले दीयों से ही घरों की रोशनी बन जाती थी। मिट्टी के तेल की हल्की लौ में गृहस्थी के काम निपटाए जाते और परिवार के लोग चारपाई पर बैठकर एक-दूसरे से बतियाते थें। बच्चे भी इसी मध्यम रोशनी में पढ़ाई करते थे। बड़े बुजुर्गों का कहना है कि बेशक उस जमाने में रोशनी कम थी, लेकिन रिश्तों में अपनापन और बातचीत के लिए समय खूब था। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लालटेन और ढिबरी की वही शामें लोगों को बार-बार याद आती हैं। बिजली न होने के कारण शाम का अपना एक अलग ही अनुशासन था। सूर्य ढलने के बाद लालटेन साफ करना, उसमें मिट्टी का तेल डालना और बत्ती को ठीक करना रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा था। कई घरों में बच्चों के पढ़ने के लिए ढिबरी जलाई जाती थी। उसकी पीली रोशनी में किताब-कॉपी लेकर बैठना आज भी कई लोगों के लिए बचपन की सबसे खूबसूरत यादों में शामिल है। शाम होते ही लोग अपना काम समेटकर घर लौट आते थे। घर के आंगन में चारपाई बिछती और लालटेन टांग दी जाती थी। बुजुर्ग दिनभर की बातें सुनाते, बच्चे खेलते और महिलाएं घरेलू काम निपटाते हुए आपस में बातचीत करती थीं। कई परिवारों में खाना भी इसी रोशनी में बनता था और भोजन के बाद देर तक किस्से-कहानियों का दौर चलता था। बुजुर्ग सतबीर पंडित ने बताया किसी-किसी घर की हालत ऐसी भी जो काले तेल के दीया जलाना को मजबूर थे। वह केवल पन्द्रह से बीस मिनट तक चलता था। लेकिन उस घर के लोग इसी अल्पावधि के दौरान अपना बिस्तर लगाना व बर्तन साफ करने जैसे आवश्यक कार्य निपटा लेते थे। आज के बच्चों के लिए यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि बिना बिजली और मोबाइल के भी शामें इतनी खूबसूरत हो सकती थीं। बदलते समय के साथ लालटेन अब घरों की जरूरत नहीं, बल्कि पुरानी यादों की निशानी बन गई है। कई घरों में आज भी कोई पुरानी लालटेन संभालकर रखी हुई मिल जाएगी। सच में याद बहुत आते हैं वो दिन, जब छोटी सी लौ में पूरा परिवार साथ बैठा करता था।





घर की जरूरी चीजों में शामिल थी लालटेन

सेवानिवृत्त मास्टर हुकुम सिंह बताते हैं कि उनके बचपन में लालटेन घर की सबसे जरूरी चीजों में से एक थी। शाम होते ही बच्चे लालटेन के शीशे को कपड़े से साफ करते थे और लालटेन की रोशनी में पढ़ाई करते थे, हालांकि उस दौरान पढ़ाई करते हुए समय आंखों पर जोर भी पड़ता था। उसके बाद लैंप भी आया जो काफी अरसे तक अमीरों के घर की रौनक रहा। आजकल बच्चों के पास पढ़ने के लिए पर्याप्त रोशनी की सुविधा है लेकिन अब बच्चे अधिकतर मोबाइल पर ही पढ़ाई पूरी करने में लगे रहते हैं।

रात को लाइट जाएगी तो मोमबत्ती याद आएगी



सीताराम गेट निवासी छोटेलाल कटारिया बताते हैं कि लालटेन व कैरोसिन के बाद मोमबत्ती का चलन हुआ। उसके बाद शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट आई लेकिन बीच-बीच में लंबे लंबे कट लगते थे। गांवों में तो बिजली एक दिन छोड़ कर आती थी या कई बार बारह-बारह घंटे तक गुल रहती थी। परीक्षा के दिनों में बिजली चली जाती तो बच्चे लालटेन की रोशनी में पढ़ाई करते थे। उन्हें याद है जब उस दौरान मोमबत्ती विक्रेता भी गलियों में यही आवाज लगाता था कि रात को लाइट जाएगी तो मोमबत्ती याद आएगी।

सर्दियों में जल्दी-जल्दी निपटाने पड़ते थे काम



बुजुर्ग जिले सिंह बताते हैं कि उस जमाने में घर की महिलाओं द्वारा ढिबरी और चूल्हे की रोशनी में घर का पूरा काम किया जाता था। सर्दियों में जल्दी अंधेरा होने पर महिलाएं शाम का खाना और दूसरे काम जल्दी-जल्दी निपटा लेती थीं। रात में जब आंगन में लालटेन जलती थी तो बच्चे उसके आसपास बैठकर दादी-नानी से कहानियां सुनते थे। उन छोटी-छोटी शामों में ही परिवार के साथ रहने की बड़ी खुशियां छिपी थीं। आजकल के बच्चों को बुजुर्गों के पास बैठने का समय नहीं है। वे मोबाइल लेकर अपनी ही दुनिया में मस्त रहते हैं।



जसौरखेड़ी कॉलेज की छात्राओं ने दिखाया दम

- विजेता छात्राओं को पदक के साथ दिया गया नकद पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जसौरखेड़ी के राजकीय महिला कॉलेज में 11वीं वार्षिक एथलेटिक मीट हुआ। इस दौरान 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो तथा लॉन्ग जंप में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रभारी डॉ. सुनील ने वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप किराड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। डॉ. सुनैना ने उनका स्वागत किया।

दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्राओं द्वारा शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। बीए द्वितीय वर्ष की तनु ने 200 व 400 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम वर्ष की हिनांशी ने 100 मीटर दौड़, शॉट पुट एवं जेवलिन थ्रो में प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रथम वर्ष की साक्षी ने 200 मीटर दौड़ में, तृतीय वर्ष की नैंसी ने लॉन्ग जंप तथा तृतीय वर्ष की राखी ने जेवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पदक के साथ प्रथम पुरस्कार 1500, द्वितीय पुरस्कार 1000 तथा तृतीय पुरस्कार 750 रुपए दिया गया। डॉ. पूनम, डॉ. सुनील कुमार, अजय कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार व डॉ. प्रियंका ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ. संदीप किराड़ ने विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी।

दलबीर नगर से गाड़ी चोरी, केस दर्ज

बहादुरगढ़। शहर के दलबीर नगर से एक गाड़ी चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। छाराके निवासी सुरेंद्र का कहना है कि वह इको गाड़ी के जरिये दूध सप्लाई करता है। गत 4 अक्टूबर को दूध लेकर बहादुरगढ़ गया था। शाम करीब 7 बजे दलबीर नगर में हरी गार्डन के पास गाड़ी खड़ी की और दूध की सप्लाई देने चला गया। कुछ देर बाद आया तो गाड़ी नहीं मिली। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। उधर, सिटी पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टूटे नाले के स्लैब की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विश्वकर्मा चौक से गांधी मार्केट रोड पर नाले का स्लैब टूटने से सड़क किनारे गड्ढा बन गया था। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी होती थी। पार्षद विशाल गर्ग ने चेयरपर्सन सरोज राठी और अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद मौके का निरीक्षण किया गया और मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया गया।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जा रहा है। अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण करवाने के बाद तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। जल्द ही स्लैब को ठीक कर दिया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद विशाल गर्ग, राजेश तंवर, ठेकेदार सुरेश डागर, दिनेश कुमार, पंकज जिंदल, मिंटू, रामावतार गर्ग व सुमित बराही आदि मौजूद रहे।



न्यूज डायरी



पूर्व विधायक राजेंद्र जून का पुतला फूंका

बहादुरगढ़। पूर्व विधायक राजेंद्र जून द्वारा कांग्रेस के एक कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्व. नफे सिंह राठी के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी से नाराज युवा मजदूरों ने प्रदर्शन करते हुए राजेंद्र जून का पुतला फूंका और नारेबाजी की। युवा नेता सागर राठी ने कहा कि राजनीतिक विरोध और वैचारिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन किसी दिवंगत नेता के खिलाफ व्यक्तिगत अथवा अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल राजनीतिक मर्यादाओं के खिलाफ है। स्व. नफे सिंह राठी ने बहादुरगढ़ की राजनीति में लंबे समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे दो बार नगर परिषद के चेयरमैन, दो बार बहादुरगढ़ से विधायक रहे और इनेलो की हरियाणा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके थे। प्रदर्शन में सूरज राजपूत, अमित, धीरज, अंश, दीपक, चंदन, अनुज, विशाल, प्रीतम, बबलू, अनुराग शर्मा, रोहित, आकाश और प्रदीप आदि ने नारे लगाए।




स्पार्टन्स की टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

बहादुरगढ़। सराय औरंगाबाद में चल रहे तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। प्रतियोगिता में 10 टीमों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्पार्टन्स की टीम ने टूर्नामेंट जीता, जबकि पीकी ब्लाइंडर्स की टीम उपविजेता रही। मैन ऑफ दा टूर्नामेंट मयंक दहिया रहे। सरपंच राकेश राठी व भीम अवॉर्डी चरण सिंह राठी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आनंद राठी, अश्वनी राठी व रॉबिन आदि मौजूद रहे।



शिवा मार्केट पहुंची जिला उपायुक्त वर्षा खांगवाल

बहादुरगढ़। शहर की शिवा मार्केट में चल रहे दुकान विवाद के बीच मंगलवार को जिला उपायुक्त वर्षा खांगवाल मौके पर पहुंची ची और दुकानदारों की समस्याएं सुनीं। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने बताया कि मार्केट की कई दुकानों को अवैध तरीके से किसी अन्य के नाम कर दिया गया है। यह सब वक्फ बोर्ड के अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंच चुकी है और इस मामले में एफआईआर भी दर्ज हुई है। दुकानदारों ने मांग की कि 15-20 साल से बैठे दुकानदारों से बोर्ड का किराया लिया जाए और फर्जी पट्टों पर रोक लगाई जाए। डीसी ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



डीसी ने सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम की समीक्षा

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा के साथ सेवा ज्योति यात्रा पूरे उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरु महाविद्यालय में भी जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहन लाल कौशिक बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। डीसी वर्षा खांगवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने उपरांत अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संबोधन का सीधा प्रसारण होगा।

सरकार बाजरे की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सरकार द्वारा बाजरे की एमएसपी पर खरीद नहीं करने के विरोध में अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। साथ ही भावांतर भरपाई योजना रद्द करने, दाना-दाना खरीदने का वायदा पूरा करने, बाजरे के 2900 रुपये प्रति क्विंटल दाम देने की मांग की। संगठन के प्रदेश कमेटी सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि सरकार की एजेंसियों ने खरीद शुरू नहीं की है। अब किसानों को अपनी फसल को 2900 रुपए प्रति क्विंटल की बजाय मजबूरी में काफी कम दामों पर व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। संगठन के जिला कमेटी सदस्य रामकिशन और सतबीर सिंह बल्हारा ने सरकार से 2900 रुपए की घोषित एमएसपी पर किसानों के बाजरे की खरीद तुरंत शुरू करने की मांग की। मंगलवार को राजबीर सिंह, रामकुमार, अनिल कुमार, महादेव, अरविंद, रामजी, शेषराज, सोमनाथ, प्रवेश, राजकुमार, संजय आदि किसान-मजदूरों ने प्रदर्शन किया।

सरपंच, पति और जेठ पर हमला

बहादुरगढ़। गांव सिद्दीपुर में महिला सरपंच, उसके पति व जेठ के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाले परिवार पर आरोप है। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता कैलाश का कहना है कि उसके छोटे भाई तिलकराज की पत्नी रेखा गांव की सरपंच है। जब से भाई की पत्नी सरपंच बनी है, तब से एक परिवार के कुछ लोग हमसे द्वेश रखते हैं। कई बार झगड़ा कर चुके हैं। गत 4 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे मैं अपनी बैठक में सो रहा था। इसी दौरान उमेद नाम का एक व्यक्ति गालियां देने लगा। शोर सुनकर दरवाजा खोला तो आरोपी के परिवार के सदस्य बाहर खड़े थे, जिनमें एक महिला भी थी। उनके हाथ में डंडे थे। मैंने तुरंत दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद उन्होंने लात मारकर दरवाजा खोलने का प्रयास किया। इसी बीच मेरा भाई तिलकराज घर से बाहर निकला तो आरोपियों ने मेरे भाई पर हमला कर दिया। मैं और भाभी रेखा बीच बचाव करने गए तो हमारे साथ मारपीट की गई। जैसे तैसे हम तीनों ने वहां से निकलकर खुद को सुरक्षित किया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। उधर, सदर थाना पुलिस ने 6 आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

पांचवें दिन भी आढ़तियों की हड़ताल जारी

विधायक कुलदीप वत्स ने किया समर्थन, सरकार पर लगाया वादा तोड़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व प्रधान हरेंद्र सिलाना को समर्थन देने पहुंचे विधायक कुलदीप वत्स। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना व संजय कबलाना। फोटो : हरिभूमि

भूख हड़ताल पर बैठे आढ़ती एसोसिएशन के पूर्व प्रधान हरेंद्र सिलाना लगातार पांचवें दिन भूख हड़ताल पर रहे। पांचवें दिन बादली से कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने आढ़ती का समर्थन करते हुए सरकार से बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार ने बाजरे की खरीद के लिए किसानों को 29सौ रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी देने का वादा किया था,लेकिन अब मंडियों में बाजरे की सरकारी खरीद शुरू नहीं की जा रही है। सरकार की ओर से 600 रुपये भावांतर भरपाई देने की बात कही जा रही है,जो किसानों के साथ किए गए वायदे के अनुरूप नहीं है। बाद में मीडिया से रूबरू होते हुए एक कहावत कही, जिस पर किसानों और भाजपाईयों ने विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आज किसान की हालत उस कुत्ते जैसी कर दी है, कुत्ते के मुंह में जैसे सूखा हाड़ दिया जाता है और व कुत्ता खूनम खून रहता है। जिसका भाजपा और किसानों ने विरोध जताया है।

अन्नदाता की तुलना कुत्ते से करने पर भड़के भाजपाई

कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स द्वारा किसानों की तुलना हड्डी खाने वाले कुत्ते से करने पर भाजपा ने जोरदार विरोध प्रकट किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, संजय कबलाना ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की रीति नीति किसान विरोधी रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने कहा कि कहा विधायक को अपना बयान खेद के साथ वापस लेना चाहिए और सभी अन्नदाताओं से माफी मांगनी चाहिए। जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने कहा कि कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स अपना मानसिक संतुलन खो चुके है। उनको किसी अच्छे डॉक्टर से अपना ईलाज कराना चाहिए। पिछले काफी समय से इनके बयान सुन लो। हमेशा किसान और श्रमिक विरोधी रहे हैं। संजय कबलाना ने कहा कि अन्नदाता का अपमान सहन नहीं करेंगे। बड़ी संख्या में किसान भाइयों ने फोन कड़ी आपत्ति और दुख जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद और विधायक पहले भी अन्नदाताओं का अपमान कर चुके है। यह पहली बार नहीं है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900